मतदाता शपथ व जागरूकता व्याख्यान

हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद के राजनीति विज्ञान और गणित विभाग द्वारा 23 मई, 2023 को गांव ढाटरथ में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक्सटेंशन गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वहां के ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाया गया। ढाटरथ के पशु अस्पताल के पशु चिकित्सक डॉक्टर बलवंत नेहरा के द्वारा एक व्याख्यान करवाया गया जिसमें उन्होंने वहां के लोगों को मत के अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मतदान करते समय हमें नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मतदान में समाज के वंचित वर्ग की भागीदारी को बढ़ाने की बात भी की। इस मौके पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा श्रीमती नीलम और गणित विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती अंजू ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलवाई जिसमें कि ग्रामीणों ने शपथ ली कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाया

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान और गणित विभाग द्वारा मंगलवार को गांव ढाटरथ में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक्सटेंशन गतिविधि का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत वहां के ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाया गया। ढाटरथ पशु अस्पताल के पशु चिकित्सक डॉ. बलवंत नेहरा द्वारा एक व्याख्यान करवाया गया। उन्होंने वहां के लोगों को मत के अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मतदान करते समय हमें नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। इस मौके पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा नीलम और गणित विभाग की विभागाध्यक्षा अंजू ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलवाई। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। संवाद